जब कोई खिलाड़ी एक फ्रेंचाइजी से दूसरी टीम में ट्रेड होता है, तो उसकी डील की रकम भी पब्लिक डोमेन में होनी चाहिए। इससे सभी फ्रेंचाइजियों को यह पता रहेगा कि टीमों ने तय सैलरी कैप का पालन किया है या नहीं।

- सुनील गावस्कर

पूर्व भारतीय बल्लेबाज, आईपीएल में खिलाड़ियों के ट्रेड को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

क्रिस्टियानो रोनाल्डो

दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो ने कहा है कि सऊदी प्रो लीग का यह सत्र संभवत: उनके पेशेवर करियर का आखिरी सत्र होगा। इस 41 वर्षीय खिलाड़ी का सऊदी अरब के क्लब अल नासर के साथ अनुबंध अगले साल जून में समाप्त हो रहा है और उन्होंने वोग पत्रिका को बताया है कि एक और अनुबंध की संभावना नहीं है। रोनाल्डो ने कहा, ''शायद यह फुटबॉल में मेरा आखिरी साल है। मैं एक शानदार विरासत छोडना चाहता हूं।'' अपने करियर में अब तक 976 गोल करने वाले रोनाल्डो ने इसी महीने की शुरुआत में अपनी लंबे समय की साथी जॉर्जीना रोड्रिगेज से शादी की।

क्या आप जानते हैं ?... मैच रिकॉर्ड: ओलंपिक इतिहास में 142 मैचों में 87 जीत दर्ज की हैं।

हॉकी वर्ल्डकप में इंग्लैंड ने भारत को 4-2 से हराया

नई दिल्ली, 17 अगस्त। भारतीय टीम मेंस हॉकी वर्ल्ड कप में इंग्लैंड के खिलाफ 4-2 से हार गई है। सोमवार को एम्सटेलवीन के वैगेनर स्टेडियम में भारत हाफ टाइम तक 2-1 से आगे था। लेकिन, दूसरे हाफ में इंग्लैंड ने तीन गोल कर मैच पलट दिया। इस हार के साथ वर्ल्डकप में इंग्लैंड के खिलाफ भारत की जीत का इंतजार 32 साल का हो गया। उसने आखिरी बार 1994 में इंग्लैंड को हराया था। इंडिया का अगला मैच 19 अगस्त को पाकिस्तान से होगा। भारत ने तेज शुरुआत की। उसे छठे मिनट में गोल का मौका मिला, लेकिन जरमनप्रीत सिंह का शॉर्ट गोल पोस्ट के बाहर चला गया। 14वें मिनट में निकोलस बंडुराक पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके इंग्लैंड को 1-0 से आगे कर दिया। उनका शॉर्ट इतना तेज था कि भारतीय गोलकीपर मोहित रिएक्ट तक नहीं कर सके।

अभिनव स्वामी इंडियन आर्मी (पिनाका) रेजिमेंट के आधिकारिक फुटबॉल कोच नियुक्त

जयपुर, 17 अगस्त। महिपाल स्वामी, सेक्रेटरी, यूनियन फुटबॉल क्लब जयपुर (ट्रस्ट) ने बताया कि अभिनव स्वामी को नसीराबाद, अजमेर में होने वाले इंडियन आर्मी टूर्नामेंट के लिए इंडियन आर्मी (पिनाका) रेजिमेंट का आधिकारिक फुटबॉल कोच नियुक्त किया गया है। इंडियन आर्मी फुटबॉल टीम 17 अगस्त 2026 से 22 अगस्त 2026 तक नसीराबाद, अजमेर में होने वाले फुटबॉल मैचों में हिस्सा लेने वाली है। अभिनव स्वामी उनके गाइडेंस, अनुभव और टेक्निकल एक्सपर्टीज़ से कॉम्पिटिशन के दौरान टीम को बहुत फायदा होगा।

जयपुर रॉयल क्रिकेट एकेडमी 145 रन से विजेता

जयपुर, 17 अगस्त। यति क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित प्रथम अंडर -14 श्याम कप में खेले गये मैच मे जयपुर रोयल क्रिकेट एकेडमी और अरावली क्रिकेट एकेडमी नेक्स्टजेन के मध्य खेले गये मैच में टॉस जीत कर जयपुर रोयल क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। जयपुर रोयल क्रिकेट एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 280/3 40.0 मे रन बनाये। जयपुर रोयल क्रिकेट एकेडमी की ओर से हर्षित सैनी ने 111 रन, जे आर विराट शर्मा ने 93 रन और यश मीना ने 25 रन बनाये। अरावली क्रिकेट एकेडमी नेक्स्टजेन और से गेदबाजी करते हुए दिपेश कुशवाहा ने 30 रन देकर 1 विकेट, वंश प्रताप ने 80 रन देकर के 1 विकेट और प्रशांत परमार ने 69 रन देकर के 1 विकेट लिया। अरावली क्रिकेट एकेडमी नेक्स्टजेन ने बल्लेबाजी करते हुए 135/10 30.1 ओवर मे आल आउट हो गई। अरावली क्रिकेट एकेडमी नेक्स्टजेन कि ओर से सूर्याशं ने 49 रन, दक्ष बचमी ने 33 रन बनाये। जयपुर रोयल क्रिकेट एकेडमी ने गेदबाजी करते हुए यश मीना ने 19 रन देकर के 3 विकेट, श्रेयांस सिंह ने 16 रन देकर के 2 विकेट लिया। जयपुर रोयल क्रिकेट एकेडमी 145 रन से विजेता हुई।

अंडर -16 टीम चयन ट्रायल मैं चयनित खिलाड़ियों का दो दिवसीय अभ्यास कैंप

दौसा, 17 अगस्त। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि आरसीए द्वारा आयोजित अंडर 16 प्रतियोगिता 05 सितंबर से आयोजित की जाएगी जिसके लिए जिले की टीम का चयन ट्रायल दिनांक 16.08.2026 रविवार को राजेश पायलट राजकीय स्टेडियम पर लिया गया। ट्रायल के लिए आए खिलाड़ियों की ट्रायल ली गई ट्रायल में लगभग 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिनमें से 56 खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट करके अभ्यास कैंप के लिए बुलाया गया है। अभ्यास कैंप राजेश पायलट राजकीय स्टेडियम पर मंगलवार एवं बुधवार को सुबह 7:30 बजे आयोजित किया जाएगा। फिटनेस कैंप मैं सफल खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट करके उनकी दो टीम बनाकर 2 से 3 अभ्यास मैच करवाए जाएंगे। सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया कि पिछले दो टर्म से अंडर 16 टीम का प्रदर्शन काफी निराशा जनक रहा है इसलिए उनका पहले अभ्यास कैम्प के अंतर्गत खिलाड़ियों की फिटनेस और उनका यो यो टेस्ट लिया जाएगा और पूर्व खिलाड़ियों का पिछले 2 वर्षों का प्रदर्शन भी देखा जाएगा।

अंडर-16 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए चयन ट्रायल 19 एवं 20 अगस्त को

जयपुर, 17 अगस्त। जयपुर जिला क्रिकेट संघ द्वारा जयपुर की अंडर - 16 चैलेंजर ट्रॉफी आयोजित करने के लिए चयन ट्रायल दिनांक 19 एवं 20 अगस्त को प्रात: 9 बजे के एल सैनी स्टेडियम पर आयोजित की जाएगी। चयन ट्रायल में केवल जयपुर के ही खिलाड़ी भाग ले सकते हैं जिनका जन्म 1 सितंबर 2010 व 31 अगस्त 2012 के मध्य हुआ है। जो खिलाड़ी ट्रायल देना चाहते है उनको अपना रजिस्ट्रेशन के एल सैनी स्टेडियम पर दिनांक 18 अगस्त को प्रात: 10 बजे से 6 बजे तक कराना होगा।

खिलाड़ियों को रजिस्ट्रेशन के लिए निम्नलिखित दस्तावेज लाने होंगे।

1. कंप्यूटर से बना हुआ जन्म प्रमाण पत्र।
2. स्वयं का व माता - पिता का आधार कार्ड।
3. मूल निवास प्रमाण पत्र।
4. पिछले 3 वर्ष की मार्कशीट।

सोनल दिनुषा के शतक के बावजूद श्रीलंका 284 पर ढेर, भारत को 178 रन की बढ़त

गाले, 17 अगस्त। सोनल दिनुषा के शानदार शतक के बावजूद श्रीलंका भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन पहली पारी में 284 रन पर सिमट गया। भारत ने पहली पारी में 462 रन बनाए थे, जिससे उसे 178 रन की मजबूत बढ़त हासिल हुई।

दिनुषा ने संकट में फंसी श्रीलंकाई पारी को संभालते हुए निचले क्रम के साथ महत्वपूर्ण साझेदारियां कीं। उन्होंने निरोशन डिकवेला के साथ छठे विकेट के लिए 146 रन जोड़े। दिनुषा ने अपने टेस्ट करियर का पहला शतक पूरा किया और 100 रन बनाकर नाबाद रहे। भारत की ओर से मानव सुथार ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 76 रन देकर चार विकेट लिए, जबकि रवींद्र जडेजा ने 57 रन देकर तीन विकेट हासिल किए। जडेजा इस दौरान टेस्ट क्रिकेट में 350 विकेट पूरे करने वाले पांचवें भारतीय गेंदबाज बन गए।

90 रन पर पांच विकेट, फिर डिकवेला-दिनुषा ने संभाला : श्रीलंका की शुरुआत बेहद खराब रही और टीम 90 रन पर पांच विकेट गंवा चुकी थी। इसके बाद डिकवेला और दिनुषा ने मोर्चा संभाला। डिकवेला ने आक्रामक बल्लेबाजी करते हुए तेज अर्धशतक पूरा किया, जबकि दिनुषा ने धैर्य के साथ पारी को आगे बढ़ाया। दोनों ने मिलकर छठे विकेट के लिए शतकीय साझेदारी पूरी की। यह भारत के खिलाफ श्रीलंका की पारी में शीर्ष पांच बल्लेबाजों के 100 रन से पहले आउट होने के बाद छठे विकेट के लिए दूसरी 100 से अधिक रन की साझेदारी रही। डिकवेला ने 80 रन बनाए, लेकिन प्रसिद्ध कृष्णा की गेंद पर विकेट के पीछे कैच देकर उनकी पारी समाप्त हुई। इसके बाद जडेजा ने केशरा नुवान्था को आउट कर 350 टेस्ट विकेट का आंकड़ा पूरा किया। प्रभात जयसूर्या ने कुछ देर टिककर श्रीलंका को फॉलोऑन से बचाया और दिनुषा को अपना पहला टेस्ट शतक पूरा करने का मौका दिया। हालांकि, शतक पूरा होते ही भारत ने श्रीलंका की पारी समेट दी।

भारत की पारी 462 रन पर समाप्त : इससे पहले भारत ने दिन की शुरुआत 460/9 से की थी, लेकिन टीम केवल दो रन जोड़ सकी। असिथा फर्नांडो ने प्रसिद्ध कृष्णा को आउट कर भारतीय पारी 462 रन पर समाप्त की। श्रीलंका की पारी की शुरुआत भी अच्छी नहीं रही। मोहम्मद सिराज और मानव सुथार ने शुरुआती झटके दिए। सुथार ने अपने पहले ही ओवर की पहली गेंद पर विकेट हासिल किया और बाद में शानदार एक हाथ के कैच की मदद से अपना दूसरा विकेट भी लिया।

रवींद्र जडेजा ने धनंजय डी सिल्वा को आउट कर अपना 349वां टेस्ट विकेट हासिल किया। इसके बाद दिनुषा और डिकवेला ने श्रीलंका को संकट से बाहर निकालने की कोशिश की, लेकिन भारत ने अंतत: पूरी टीम को 284 रन पर समेट दिया।

जडेजा 4,000 रन और 350 टेस्ट विकेट लेने वाले चौथे ऑलराउंडर बने

गाले, 17 अगस्त। भारतीय ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने श्रीलंका के खिलाफ पहले टेस्ट के तीसरे दिन सोमवार को एक खास उपलब्धि अपने नाम कर ली। जडेजा टेस्ट क्रिकेट में 4,000 से अधिक रन और 350 विकेट हासिल करने वाले दुनिया के केवल चौथे ऑलराउंडर बन गए। जडेजा के अब 4095 रन हो गए हैं, और विकेट 350 हैं। श्रीलंका की पहली पारी में जडेजा ने धनंजय डी सिल्वा, सोनल दिनुशा और केशरा नुवान्था के विकेट हासिल किए। इससे उनके टेस्ट विकेटों की संख्या 350 पहुंच गई। जडेजा ने इससे पहले भारतीय पारी में 13 रन बनाए थे। जडेजा से पहले यह उपलब्धि भारत के कपिल देव, इंग्लैंड के इयान बॉथम और न्यूजीलैंड के डेनियल विटोरी हासिल कर चुके हैं। इन चारों में जडेजा ऐसे एकमात्र खिलाड़ी हैं, जिन्होंने 100 से कम टेस्ट मैचों में यह मुकाम हासिल किया है। कपिल देव इस सूची में सबसे आगे हैं। उन्होंने भारत के लिए 131 टेस्ट में 5,248 रन और 434 विकेट लिए हैं। इंग्लैंड के बॉथम ने 102 टेस्ट में 5,200 रन और 383 विकेट हासिल किए हैं। न्यूजीलैंड के विटोरी ने 113 टेस्ट में 4,530 रन और 362 विकेट अपने नाम किए हैं। जडेजा अब इस खास सूची में शामिल होने वाले चौथे खिलाड़ी बन गए हैं।

पीवी सिंधु ने दर्ज की शानदार जीत, सीधे गेम में रेचल नोबल को हराया

नई दिल्ली, 17 अगस्त। भारत की स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी पीवी सिंधु ने सोमवार को नई दिल्ली में शुरू हुई बीएफडब्ल्यू विश्व चैंपियनशिप 2026 में जीत के साथ अपने अभियान का आगाज किया। सिंधु ने महिला एकल के राउंड ऑफ 64 मुकाबले में आयरलैंड की रेचल नोबल को सीधे गेम में 21-7, 21-11 से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। इंदिरा गांधी स्टेडियम में घरेलू दर्शकों के समर्थन के बीच सिंधु ने शुरुआत से ही मुकाबले पर नियंत्रण बनाए रखा। उन्होंने पहले गेम में तेज शुरुआत करते हुए 11-3 की बढ़त हासिल की। अपनी तेज स्मैश और आक्रामक खेल से सिंधु ने नोबल को लगातार दबाव में रखा। सिंधु ने इसके बाद बढ़त को और मजबूत करते हुए स्कोर 17-4 कर दिया और महज 12 मिनट में पहला गेम 21-7 से अपने नाम कर लिया। दूसरे गेम में नोबल ने वापसी की कोशिश की और सिंधु को कुछ देर चुनौती दी, लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने अपना संयम बनाए रखा। सिंधु ने रैलियों पर पकड़ बनाए रखते हुए लगातार अंक जुटाए और दूसरा गेम 21-11 से जीत लिया। इस तरह सिंधु ने मुकाबला सीधे गेम में अपने नाम किया और विश्व चैंपियनशिप के पहले ही दिन शानदार प्रदर्शन के साथ अगले दौर में जगह बनाई। घरेलू दर्शकों के सामने मिली इस जीत से सिंधु ने टूर्नामेंट में अपने इरादे भी स्पष्ट कर दिए हैं।

ट्रीसा-गायत्री और अर्जुन-हरिहरन भी दूसरे दौर में : भारत की ट्रीसा जॉली और गायत्री गोपीचंद की महिला युगल जोड़ी तथा एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकरुणन की पुरुष युगल जोड़ी ने सोमवार को बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप-2026 के दूसरे दौर में जगह बना ली। ट्रीसा और गायत्री ने महिला युगल के राउंड ऑफ 64 मुकाबले में स्पेन की पाउला लोपेज और लूसिया रोड्रिगेज को सीधे गेम में 21-9, 21-13 से हराया। भारतीय जोड़ी ने शुरुआत से ही मुकाबले पर पकड़ बनाए रखी और दोनों गेम आसानी से अपने नाम किए। अब राउंड ऑफ 32 में 16वीं वरीय अमेरिकी जोड़ी लॉरेन लैम और एलिसन क्विन ली से ट्रीसा-गायत्री का सामना होगा। पुरुष युगल में 15वीं वरीयता प्राप्त एमआर अर्जुन और हरिहरन अम्साकरुणन ने भी अगले दौर में प्रवेश किया। भारतीय जोड़ी के खिलाफ आयरलैंड के स्कॉट गिल्डिया और पॉल रेनॉल्ड्स मुकाबला कर रहे थे, लेकिन आयरिश जोड़ी ने चोट के कारण मुकाबला बीच में छोड़ दिया।

महिला हॉकी विश्व कप: दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत के इरादे से उतरेगा भारत

एम्स्टेलवीन, 17 अगस्त। भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 में अपनी पहली जीत दर्ज करने के इरादे से मंगलवार को पूल डी के मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका का सामना करेगी। मुकाबला एम्स्टेलवीन के वेगेनर हॉकी स्टेडियम में खेला जाएगा।

भारत ने टूर्नामेंट के अपने पहले मुकाबले में ओलंपिक रजत पदक विजेता चीन को कड़ी चुनौती देते हुए 2-2 से ड्रॉ खेला था। भारत की ओर से नवनीत कौर और दीपिका ने गोल किए। चीन ने दो बार वापसी करते हुए मुकाबला बराबरी पर खत्म किया। चीन के खिलाफ प्रदर्शन से भारतीय टीम का आत्मविश्वास बढ़ा है, लेकिन अब टीम की नजर तीन अंक हासिल करने पर होगी। वहीं, दक्षिण अफ्रीका को अपने पहले मुकाबले में इंग्लैंड के हाथों 0-4 से हार का सामना करना पड़ा था और वह भारत के खिलाफ वापसी करना चाहेगा।

पूल डी में फिलहाल इंग्लैंड शीर्ष पर है, जबकि भारत और चीन एक-एक अंक के साथ दूसरे स्थान पर हैं। चारों पूल की शीर्ष दो टीमें अगले चरण में पहुंचेंगी और सेमीफाइनल की दौड़ में बनी रहेंगी। ऐसे में भारत के लिए दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ जीत बेहद महत्वपूर्ण होगी। हालांकि मुख्य कोच सजॉर्ड मारिजन का कहना है कि टीम का ध्यान अंक तालिका के समीकरणों पर नहीं, बल्कि अपने प्रदर्शन पर है। उन्होंने हॉकी इंडिया के हवाले से कहा, हम गणना या इस बात पर ध्यान नहीं दे रहे हैं कि कौन किसके खिलाफ जीत रहा है।

मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने रचा इतिहास, पहली बार जीता द हंड्रेड का खिताब

लंदन, 17 अगस्त। लॉर्ड्स के ऐतिहासिक मैदान पर मैनचेस्टर सुपर जायंट्स (पूर्व में मैनचेस्टर ओरिजिनल्स) ने आखिरकार अपने तीसरे प्रयास में खिताब जीत ही लिया। टिम सेफर्ट की तूफानी 72 रन की पारी के दम पर सुपर जायंट्स ने फाइनल में शीर्ष पर रहने वाली ट्रेंट रॉकेट्स को पांच विकेट से हराकर पहली बार पुरुष द हंड्रेड का खिताब अपने नाम किया। इस जीत के साथ मैनचेस्टर सुपर जायंट्स ने फाइनल में मिली पिछली दो हार का हिसाब भी चुकता कर दिया। **नूर अहमद ने दिलाई रॉकेट्स को शुरुआती सफलता:** अफगानिस्तान के कलाई के स्पिनर नूर अहमद ने चार गेंद के भीतर दोनों सलामी बल्लेबाजों को पवेलियन भेजकर मुकाबले का रुख बदल दिया। एनीयूरिन डोनाल्ड ने आते ही नूर पर हमला बोला और पहली छह गेंदों पर 17 रन ठोके, लेकिन वह 19 गेंदों पर 38 रन बनाकर आउट हो गए। इसके बाद रॉकेट्स का स्कोर 97/5 हो गया।

एफआईएच विश्व कप में पुरुष-महिला टीमों की भागीदारी पर गर्व : पी.टी. उषा

नई दिल्ली, 17 अगस्त। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बेल्जियम और नीदरलैंड्स में 15 से 30 अगस्त तक हो रहे एफआईएच हॉकी विश्व कप-2026 में भारतीय पुरुष और महिला टीमों की भागीदारी का स्वागत किया है। आईओए ने दोनों टीमों को विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने और अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करने पर बधाई दी।

आईओए ने सोमवार को एक आधिकारिक बयान जारी कर कहा कि पुरुष और महिला दोनों वर्गों में भारत की मौजूदगी भारतीय हॉकी की मजबूती और लगातार हो रही प्रगति को दर्शाती है। भारत इस वर्ष एफआईएच हॉकी विश्व कप में पुरुष और महिला दोनों टीमों के साथ भाग लेने वाला एकमात्र दक्षिण एशियाई देश है।

विश्व कप दोनों टीमों को दुनिया की शीर्ष टीमों के खिलाफ खेलने और अपने उच्च प्रदर्शन वाले खेल कार्यक्रम को मजबूत करने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान कर रहा है। इसके बाद भारतीय टीमों का लक्ष्य आइची-नागोया 2026 एशियाई खेलों और फिर लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों की तैयारियों पर रहेगा।

उन्होंने कहा, दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमों के खिलाफ इस स्तर के टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा करना किसी भी खिलाड़ी की उच्च प्रदर्शन वाली यात्रा का महत्वपूर्ण हिस्सा है। यहां हासिल होने वाला अनुभव आइची-नागोया 2026 एशियाई खेलों और अंतत: लॉस एंजिल्स 2028 ओलंपिक खेलों की तैयारी में बेहद उपयोगी होगा।

पीटी उषा ने कहा, एशियाई खेल हमारी हॉकी टीमों के लिए बड़े बहु-खेल आयोजन में खुद को परखने और ओलंपिक महत्वाकांक्षाओं की दिशा में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर होंगे। हमें दोनों टीमों पर पूरा भरोसा है और मुझे विश्व रास है कि हमारे खिलाड़ी गर्व, दृढ़ संकल्प और उत्कृष्टता के साथ भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे, जो हमेशा से भारतीय हॉकी की पहचान रही है।

डूरंड कप के सेमीफाइनल में पहुंची एससी दिल्ली, 19 अगस्त को ईस्ट बंगाल एफसी से होगी भिड़ंत

नई दिल्ली, 17 अगस्त। एससी दिल्ली ने दूसरे हाफ में शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को मणिपुर की एफसी रेंगदाई को 5-1 से करारी शिकस्त देकर डूरंड कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली, जहां उसका सामना कोलकाता की दिग्गज टीम ईस्ट बंगाल एफसी से होगा। ईस्ट बंगाल ने कोलकाता में खेले गए एक अन्य क्वार्टर फाइनल मुकाबले में ने पीवी विष्णु के पहले हाफ में किए गए शानदार हेडर की बदौलत रोमांचक मुकाबले में भारतीय सेना एफटी को 1-0 से मात दी। दिन के पहले मुकाबले में टूर्नामेंट में पदार्ण कर रही एफसी रेंगदाई को पहले हाफ में चोंगथम किशन सिंह ने नौवें मिनट में लंबी दूरी से शानदार गोल दागकर को बढ़त दिला दी। दूसरे हाफ में स्थानापन्न खिलाड़ी जोसेफ सनी (57वें और 67वें मिनट) ने यहां के बिरसा मुंडा स्टेडियम में 10 मिनट के अंदर दो गोल कर मैच का रुख पूरी तरह पलट दिया। एससी दिल्ली की ओर से इसके बाद रोड्रिगुइन्हो ने 82वें मिनट, जुआन सेबेस्टियन पेना (90 तीसरे मिनट) और ऑगस्टिन लालरोचना (90 आठवें मिनट) ने आखिरी पलों में गोल कर टीम के

जीत के अंतर को बड़ा किया। ईस्ट बंगाल एफसी और सी दिल्ली के बीच सेमीफाइनल मुकाबला 19 अगस्त को कोलकाता के विवेकानंद युवा भारती क्रीड़ांगन (साल्ट लेक स्टेडियम) में खेला जाएगा। भारतीय सेना के लिए लगातार गेंद पर कब्जा बनाए रखना मुश्किल साबित हुआ। दबाव से निकलने के लिए टीम को अक्सर गेंद को हवा में मारने और लंबे पासों का सहारा लेना पड़ा। ईस्ट बंगाल को 38वें मिनट में सफलता मिली।

टिम साइफर्ट की आतिशी पारी से मैनचेस्टर सुपर जायंट्स चैंपियन

नई दिल्ली, 17 अगस्त। लंदन के ऐतिहासिक लॉर्ड्स मैदान पर आखिरकार मैनचेस्टर सुपर जायंट्स की किस्मत बदल गई। फाइनल में लगातार दो बार हारने के बाद टीम ने तीसरे मौके को हाथ से नहीं जाने दिया और ट्रेंट रॉकेट्स को पांच विकेट से हराकर पहली बार हंड्रेड का खिताब अपने नाम कर लिया। टीम की इस जीत के सबसे बड़े नायक न्यूजीलैंड के बल्लेबाज टिम साइफर्ट रहे, जिन्होंने सिर्फ 38 गेंदों पर 72 रन की तूफानी पारी खेलकर लक्ष्य की राह आसान कर दी। बता दें कि मैनचेस्टर सुपर जायंट्स को पहले मैनचेस्टर ओरिजिनल्स के नाम से जाना जाता था। टीम इससे पहले 2022 के फाइनल में ट्रेंट रॉकेट्स और 2023 के फाइनल में ओवल इनविंसिबल्स से हार गई थी। ऐसे में लॉर्ड्स में मिली यह जीत उसके लिए खास रही।

भारत की धाविका अंकिता ध्यानी ने दूसरा स्थान हासिल किया

नई दिल्ली, 17 अगस्त। भारत की मध्यम एवं लंबी दूरी की धाविका अंकिता ध्यानी ने अमेरिका में आयोजित 'स्टम्पटाउन ट्वाइलाइट' प्रतियोगिता में महिलाओं की 1500 मीटर दौड़ में शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ समय के साथ दूसरा स्थान हासिल किया। चौबीस वर्षीय अंकिता ने शनिवार को विश्व एथलेटिक्स 'कॉन्टिनेंटल टूर' चैलेंजर स्तर (कैटेगरी-डी) की इस प्रतियोगिता में चार मिनट 06.75 सेकंड का समय निकाला। उन्होंने अपने पिछले व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में पांच सेकंड से अधिक का सुधार किया। उनका पिछला सर्वश्रेष्ठ समय चार मिनट 12.28 सेकंड था। अंकिता का यह प्रदर्शन इस सत्र में 1500 मीटर में किसी भारतीय का सबसे तेज समय है। यह एशिया में इस सत्र का तीसरा सबसे तेज समय है। भारतीय धाविकाओं में यह अब तक का चौथा सबसे तेज प्रदर्शन भी है। इस स्पर्धा का राष्ट्रीय रिकॉर्ड केएम दीक्षा के नाम है, जिन्होंने चार मिनट 04.78 सेकंड का समय दर्ज किया है। इक्वाडोर की कारमेन एल्डर कैसालिटिन ने चार मिनट 06.40 सेकंड के समय के साथ पहला स्थान हासिल किया, जबकि अमेरिका की एलेनोर फुल्टन 4:09.36 सेकंड के समय के साथ तीसरे स्थान पर रहीं।

सेंट एनसलम एवं संस्कार स्कूल जीती

जयपुर, 17 अगस्त। जयपुर के स्थानीय सोनी क्रिकेट स्टेडियम पर चल रहे फादर रेमंड कोएल्हो डायमंड जुबली कप में दिन का पहला मुकाबला सेंट एनसलम स्कूल चोमू व सैंट एंसेल्म सीनियर सेकेंडरी स्कूल मानसरोवर के मध्य खेला गया। जिसमें सैंट एंसेल्म स्कूल चोमू ने पहले

बल्लेबाजी करते हुए 19.1 ओवर में 95 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें प्रदीप मीणा ने 11 रन व वंश कुमावत ने 9 रनों का योगदान दिया। सेंट एनसलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल मानसरोवर की ओर से गेंदबाजी में तनिष अरोड़ा ने चार विकेट और समृद्ध पांडे व अहान मिश्रा ने दो-दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी सेंट एंसेलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल मानसरोवर 8.5 ओवर में 99/4 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। जिसमें तनिष अरोड़ा ने 40 रन व प्रियांशु सिंह ने 33 रनों की पारी खेली। सेंट एनसलम स्कूल चोमू की ओर से गेंदबाजी में तुषार चौधरी ने दो विकेट लिए। सेंट एनसलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल मानसरोवर ने 6 विकेट से मुकाबला जीता। दिन का दूसरा मुकाबला ब्राइट फ्यूचर सीनियर सेकेंडरी स्कूल व संस्कार स्कूल के मध्य खेला गया। जिसमें ब्राइट फ्यूचर सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 109 रन पर ऑल आउट हो गई। जिसमें ओजस सैनी ने 54 रन व अथर्व शर्मा ने 14 रनों का योगदान दिया। संस्कार स्कूल की ओर से गेंदबाजी में गौरांश पारीक ने तीन विकेट और युग जाजड़िया ने दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी संस्कार स्कूल 6 ओवर में 110/1 रन बनाकर मुकाबला जीत लिया। जिसमें शिफान खान ने नाबाद 70 रन व देवांग सिंगोदिया ने 27 रनों की पारी खेली। ब्राइट फ्यूचर सीनियर सेकेंडरी स्कूल की ओर से गेंदबाजी में भव्य शर्मा ने एक विकेट लिया। संस्कार स्कूल ने 9 विकेट से मुकाबला जीता।

बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों को देता हूं बराबर महत्व : हर्ष त्यागी

नई दिल्ली, 17 अगस्त। दिल्ली प्रीमियर लीग (डीपीएल) 2026 में रविवार रात पुरानी दिल्ली 6 के खिलाफ हाई स्कोरिंग मुकाबले में आउटर दिल्ली वॉरियर्स ने 21 रन से जीत दर्ज की। टीम की जीत में हरफनमौला हर्ष त्यागी ने बल्ले और गेंद दोनों से अहम योगदान दिया।

अपने प्रदर्शन पर बात करते हुए त्यागी ने कहा, जब मैं बल्लेबाजी के लिए गया तो छह ओवर बचे थे और लक्ष्य 200 रन तक पहुंचना था। मैंने करीब 30 महत्वपूर्ण रन बनाए। गेंदबाजी में मेरे पहले दो ओवर मुश्किल रहे, लेकिन आखिरी दो ओवर में मैंने रनों पर नियंत्रण रखने पर ध्यान दिया।

महत्वपूर्ण ओवरों में अपनी गेंदबाजी की रणनीति के बारे में उन्होंने कहा, मुझे पता था कि इन स्लॉग ओवरों में कुछ रन खर्च हो सकते हैं, लेकिन मुझे अपनी तैयारी पर भरोसा था। मैंने पूरे साल दिल्ली में यॉर्कर और धीमी गेंदों पर काफी काम किया है, ताकि बल्लेबाजों को अनुमान लगाने में परेशानी हो। सबसे महत्वपूर्ण चीज गेंद का सही तरीके से इस्तेमाल करना था।

राजस्थान राज्य जूनियर बालक एथलेटिक्स चैंपियनशिप राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का उद्घाटन

जयपुर, 17 अगस्त। राजस्थान एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में पटेल स्टेडियम, अजमेर द्वारा आयोजित राजस्थान राज्य जूनियर बालक एथलेटिक्स चैंपियनशिप राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आज पटेल स्टेडियम , अजमेर में उद्घाटन हुआ । उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि सुरेंद्र सिंह गुर्जर, महासचिव राजस्थान ओलंपिक संघ थे । समारोह की अध्यक्षता शारदा देवी जादम, अध्यक्ष राजस्थान एथलेटिक संघ द्वारा की गई । दुर्गा शंकर शर्मा अध्यक्ष फाइनेंस कमेटी, हरिराम चौधरी, पूर्व चेयरमैन राजस्थान तीरंदाजी संघ, कार्तिक शर्मा कोषाध्यक्ष राज. एथलेटिक्स संघ, शंकरलाल बुनकर चीफ कोच, विशिष्ट अतिथि के रूप में मंच पर उपस्थित थे। आयोजन सचिव गिरिराज सांखला एवं जिला संघ के पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया ।

प्रतियोगिता में प्रथम दिवस के परिणाम निम्न अनुसार हैं -

अंडर 20 5000 मीटर रेस वॉक प्रवीण जोधपुर प्रथम, हनुमान बीकानेर द्वितीय, रोहित कुमार चित्तौड़गढ़ तृतीय, अंडर 18 पवन गुर्जर करौली प्रथम, सुभाष कुमार चूरू द्वितीय, अभिषेक सुखवाल उदयपुर तृतीय। अंडर 20 5000 मीटर दौड़ रोहित चौधरी श्रीगंगानगर प्रथम, अनमोल गिलहोत्रा झालावाड़ द्वितीय, देशराज प्रजापत तृतीय। अंडर 16 80 मीटर हर्डल घनश्याम जाट भीलवाड़ा प्रथम, सुमित चौधरी अलवर द्वितीय, अमन कुमार झुंझुनू तृतीय, अंडर 20 110 मीटर हर्डल नकुल श्रीगंगानगर प्रथम, भवानी सिंह जैसलमेर द्वितीय, सुभाष सैनी जैसलमेर तृतीय। अंडर 18 110 मीटर हर्डल कार्तिक प्रजापति सीकर प्रथम, हेमंत सिंह भीलवाड़ा द्वितीय, राजवीर बिश्नोई जोधपुर तृतीय। अंडर 20 गोला फेंक कुंदन गुर्जर कोटा प्रथम, निर्मल शर्मा जयपुर द्वितीय, अभिनव शेखावत अजमेर तृतीय। अंडर 18 गोला फेंक में युवराज सिंह जयपुर प्रथम, मनोज पिपलोदा जयपुर द्वितीय, अनुराग ज्यानी श्रीगंगानगर तृतीय। अंडर 20 1500 मीटर रोहित चौधरी श्रीगंगानगर प्रथम, हैप्पी झुंझुनू द्वितीय, आयुष चौधरी जयपुर तृतीय।